RAJASTHAN
The Incredible State of India!

International Year of Cooperatives 2025
Cooperatives Build a Better World

राजस्थान सरकार
कार्यालय पर्यटक स्वागत केन्द्र, बीकानेर हाउस, नई दिल्ली
टेलि. 011–23389525, 23382823 फैक्स
**Email :- trcnewdelhi-dot@rajasthan.gov.in**

क्रमांकः प.स्वा.के. / निविदाएं / 2026 / 2862 दिनांक : 30/07/2026

## –: निविदा सूचना (03 / 2026–27) :–

इस कार्यालय द्वारा आयोजित किये जाने वाले विभिन्न मेले एवं त्यौहारों के दौरान सांस्कृतिक संध्याओं की स्टेज लाईट एवं साउन्ड की व्यवस्था किये जाने हेतु अनुभवी, दक्ष एवं योग्य निविदादाताओं से सीमित निविदा प्रक्रिया के माध्यम से निविदाएं दिनांक 06.08.2026 को दोपहर 01:00 तक आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. स. | उपापन की जाने वाली सामग्री / सेवा का विवरण | अनुमानित राशि | प्रपत्र शुल्क | निविदा से संबंधित तिथियां |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विभिन्न मेले एवं त्यौहारों के दौरान सांस्कृतिक संध्याओं की स्टेज लाईट एवं साउन्ड की व्यवस्था की जानी है।<br><br>(स्कॉप ऑफ वर्क निविदा के 'प्रपत्र–ब' के अनुसार)। | रू. 1.99 लाख मय जी.एस.टी. | बोली प्रपत्र शुल्क – रू. 200.00 | 1. निविदा जारी करने की तिथि – 30.07.2026<br>2. निविदा विक्रय की अंतिम तिथि – 06.082026 को प्रातः 11.00 बजे तक<br>3. बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि – 06.08.2026 को दोपहर 1.00 बजे तक |

इच्छुक बोलीदाताओं को बोतकनीकी बोली (प्रपत्र–अ) एवं वित्तीय बोली (प्रपत्र–स) एक लिफाफे में प्रस्तुत करनी होगी। निविदा प्रपत्र एवं शर्ते दिनांक 30.07.2026 से कार्यालय समय में निर्धारित बोली प्रपत्र शुल्क जमा कराके या वेबपोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in से ऑनलाईन प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन डाउनलोड करने की स्थिति में निविदा प्रपत्र शुल्क राशि रू. 200.00 का डिमांड ड्राफ्ट / बैंकर चैक / नगद जो कि निदेशक, पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार के नाम हो, संलग्न करना होगा। प्राप्त बोलियां उपापन समिति द्वारा बोलीदाताओं / उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष दिनांक 06.08.2026 को दोपहर 03:00 बजे खोली जावेगी। बोली की पात्रता के संबंध में उपापन समिति का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

बोली प्रपत्र एवं अन्य जानकारी विभाग की वेबसाईट https://www.tourism.rajasthan.gov.in/ तथा वेबपोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर पढी / देखी / डाउनलोड की जा सकती है।

(डॉ. दिपाली शर्मा)
उप निदेशक

क्रमांकः प.स्वा.के. / 2026 / 2863–64 दिनांक : 30/07/2026
प्रतिलिपी निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1- ACP, IT निदेशालय पर्यटन विभाग, जयपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने बाबत।
2- नोटिस बोर्ड, कार्यालय पर्यटक स्वागत केन्द्र, नई दिल्ली।

(डॉ. दिपाली शर्मा)
उप निदेशक

RAJASTHAN
The Incredible State of India !

राजस्थान सरकार
कार्यालय पर्यटक स्वागत केन्द्र, बीकानेर हाउस, नई दिल्ली
टेलि. 011–23389525, 23382823 फैक्स
**Email :- trcnewdelhi-dot@rajasthan.gov.in**

International Year of Cooperatives
2025
Cooperatives Build a Better World

"प्रपत्र–अ"

निविदा क्रमांक : 03/2025–26

## –: तकनीकी निविदा प्रपत्र :–

इस कार्यालय द्वारा आयोजित किये जाने वाले विभिन्न मेले एवं त्यौहारों के दौरान सांस्कृतिक संध्याओं की स्टेज लाईट एवं साउन्ड की व्यवस्था किये जाने हेतु कार्यालय द्वारा जारी की गई निविदा हेतु निविदादाता द्वारा प्रस्तुत तकनीकी निविदा प्रपत्र :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदादाता फर्म का नाम | |
| 2. | निविदादाता फर्म का पूर्ण पता, ई–मेल व दूरभाष/मोबाइल नम्बर | |
| 3. | निविदादाता फर्म का पैन नम्बर<br><br>(छायाप्रति संलग्न करे) | |
| 4. | निविदादाता फर्म का जी.एस.टी. नम्बर<br><br>(छायाप्रति संलग्न करे) | |
| 5. | बैंक विवरण | |

निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील

RAJASTHAN
The Incredible State of India !

राजस्थान सरकार
कार्यालय पर्यटक स्वागत केन्द्र, बीकानेर हाउस, नई दिल्ली
टेलि. 011–23389525, 23382823 फैक्स
**Email :- trcnewdelhi-dot@rajasthan.gov.in**

International Year of Cooperatives 2025
Cooperatives Build a Better World

"प्रपत्र–ब"
निविदा क्रमांक : 03/2025–26
–: वित्तीय बोली प्रपत्र :–

इस कार्यालय द्वारा आयोजित किये जाने वाले विभिन्न मेले एवं त्यौहारों के दौरान सांस्कृतिक संध्याओं की स्टेज लाईट एवं साउन्ड की व्यवस्था किये जाने हेतु कार्यालय द्वारा जारी की गई निविदा हेतु निविदादाता द्वारा प्रस्तुत वित्तीय बोली प्रपत्र :–

स्टेज ध्वनि व लाईट व्यवस्था में निम्नानुसार व्यवस्था की जानी है :–

| क्र. सं0 | उपकरण का नाम | संख्या | क्र. सं0 | उपकरण का नाम | संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | टॉप | 06 | 9 | ऑक्स लीड | 02 |
| 2 | बेस | 02 | 10 | ट्रेस एल ई डी लाईट के साथ | 03 |
| 3 | मॉनिटर | 04 | 11 | कोडलेस माईक | 02 |
| 4 | LED की पेटी | 04 | 12 | वायर आवश्यकतानुसार पूरी | 04 |
| 5 | 32 चैनल मिक्सर | 01 | 13 | टूल बॉक्स | 02 |
| 6 | एम्पलीफायर | 03 | 14 | लाईट मिक्सर | 01 |
| 7 | 18 माईक की पेटी मय स्टेण्ड | 01 | 15 | मूविंग हैड | 01 |
| 8 | स्मॉक मशीन | 01 | 16 | लैपटॉप | 01 |

1. निविदादाता फर्म का नाम व पता.................................................................
2. बोली प्रस्तुत करने की दिनांक.................................................................

| क्र. सं. | उपापन किये जाने वाले कार्य/सामान का विवरण | दर की प्रकार | दर (रूपये) एक मुश्त (समस्त कर, जी.एस.टी. व अन्य व्यय सहित) |
|---|---|---|---|
| 1. | किराये पर अस्थाई स्टेज लाईट एवं साउन्ड व्यवस्था | प्रति एक स्थान पर प्रति दिवस की दर | |

निविदादाताओं के लिए नोट :–

1. निविदादाता द्वारा दर समस्त कर, जी.एस.टी. तथा अन्य व्यय को सम्मिलित कर अंकित की जावें।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील

RAJASTHAN
The Incredible State of India !

राजस्थान सरकार
कार्यालय पर्यटक स्वागत केन्द्र, बीकानेर हाउस, नई दिल्ली
टेलि. 011–23389525, 23382823 फैक्स
Email :- trcnewdelhi-dot@rajasthan.gov.in

International Year 2025 of Cooperatives
Cooperatives Build a Better World

"प्रपत्र–स"

निविदा क्रमांक : 03/2025–26

–: निविदा से संबंधित आवश्यक विवरण व शर्तें :–

इस कार्यालय द्वारा आयोजित किये जाने विभिन्न मेले एवं त्यौहारों के दौरान सांस्कृतिक संध्याओं की स्टेज लाईट एवं साउन्ड की व्यवस्था किये जाने हेतु कार्यालय द्वारा जारी की गई निविदा से संबंधित आवश्यक विवरण व शर्तें निम्नानुसार है :–

1. सशर्त निविदाएं मान्य नहीं होगी। निविदादाता द्वारा दर समस्त कर, जी.एस.टी. तथा व्यय को सम्मिलित कर अंकित की जावें।
2. जी.एफ.एण्ड.ए.आर. एवं आर.टी.पी.पी. 2012/2013 के नियम लागू होंगे।
3. बोली प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय के उपरांत बोली स्वीकार नहीं की जावेगी।
4. एक लिफाफे में प्रपत्र, शर्ते, डी.डी. तथा अन्य सभी प्रपत्र मय वित्तीय बोली प्रपत्र कों डालकर कार्यालय में प्रस्तुत करें जिस पर कार्य का नाम लिखा हो, जिसके लिए बिड दिया जाना है।
5. निविदाता से अपेक्षा की जाती है कि वह दरें प्रस्तुत करने से पूर्व स्कोप ऑफ वर्क को भली–भांति समझ लेंवे, आवश्यकता हो तो आयोजन स्थल का दौरा कर लेवें तथा पूर्व में किये गये आयोजनों से कार्य का जायजा ले लेवें।
6. निविदा प्रारूप/प्रपत्र स्याही से भरे जाएंगे या टंकण से भरा जाएगा पेंसिल से की गयी किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। दरें स्पष्ट तथा अंको व शब्दों में लिखी जानी चाहिए। निविदादाता निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करेगा तथा अंत में निविदा की समस्त शर्तो को स्वीकार करने के प्रमाण में हस्ताक्षर करेगा। बोली दाता कार्य को किसी ओर को आंवटित न करें।
7. सामान को लाने, ले जाने एवं समस्त प्रकार के होने वाले मानव संसाधन यथा मजदूरी, मालभाडा एवं अन्य वित्तीय खर्चे निविदादाता के होगे। समस्त फिटिंग एवं सामान 2 वर्ष से अधिक पुराने नहीं होने चाहिए। सामान की सुरक्षा की समस्त जिम्मेदारी फर्म की स्वयं की होगी।
8. अन्य सम्बंधित कार्य/सामान की मांग की जाने पर वह कार्य/सामान फर्म को उपलब्ध कराना होगा। इस प्रकार उपलब्ध कराये गये कार्य/सामान का भुगतान उपापन समिति (क्रय समिति) के बाजार सर्वे के आधार पर निर्धारित दर के अनुसार किया जायेगा।
9. निविदा प्रपत्र शुल्क निदेशक, पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार के नाम डी.डी./बैंकर चैक या नगद द्वारा ही मान्य होगी, अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।
10. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन डाउनलोड करने की स्थिति में निविदा प्रपत्र शुल्क राशि रू. 200.00 की डी.डी./बैंकर चैक जो कि निदेशक, पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार के नाम हो या से नगद जमा की रसीद संलग्न करना होगा।
11. सफल निविदादाता द्वारा कार्य संपादन प्रतिभूति राशि रू. 10,000.00 निदेशक, पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार के नाम डी.डी./बैंकर चैक द्वारा मान्य होगी।
12. किसी प्रकार का अग्रिम भुगतान देय नहीं होगा। कार्य का भुगतान नियमानुसार कोषालय से बिल पारित होने के उपरान्त किया जावेगा। सफल निविदादाता को बिल 2 प्रतियों में प्रस्तुत करना होगा तथा ऑनलाईन बिल के भुगतान हेतु फर्म को अपना जीएसटी नम्बर, पैन नम्बर, बैंक का नाम, खाता संख्या, आई.डी. एवं मोबाईल नम्बर आदि उपलब्ध कराना होगा।
13. कार्य संपादन में कमी, न्यूनता, देरी, प्रतिस्पर्धा आदि से संबंधित नियम उक्त निविदा पर लागू होंगे तथा नियमानुसार कटौती की जावेगी।
14. भुगतान सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों के अनुसार किया जायेगा। बिल से नियमानुसार होने वाली कटौतियॉ जैसे आयकर/जीएसटी आदि की कटौती की जायेगी।
15. विभाग न्यूनतम दर वाली निविदा को स्वीकार करने के लिए बाध्य नही है।
16. किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र नई दिल्ली होगा।
17. प्राकृतिक/अपरिहार्य कारणों से कार्यक्रम के किसी भी स्तर/समय पर रद्द होने पर Force Majeure प्रावधान लागू होंगे।
18. इस निविदा की किसी शर्त तथा राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 व नियम 2013 में विरोधाभास होने की स्थिति में राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 व नियम 2013 विधिमान्य रहेगे।
19. उप निदेशक, पर्यटक स्वागत केन्द्र, नई दिल्ली को निविदा या उसके किसी भाग को स्वीकार करने का, बिना कारण बताए निरस्त करने का तथा निविदा के संबध में समस्त निर्णय लेने का अधिकार सुरक्षित हैं।

मै उपरोक्त सभी शर्तो से सहमत हूँ।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील